<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–01 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अयोध्या में प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह में लिया हिस्सा। रक्षामंत्री ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर परकोटे में स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर फहराई ध्वजा।
- केंद्र सरकार ने सौ मिलीग्राम से अधिक निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर लगाया प्रतिबंध। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा–औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड के परामर्श से उठाया गया यह कदम।
- उत्साह और उल्लास के साथ विविध आयोजनों के जरिए नये वर्ष के पहले दिन का प्रदेश भर में हो रहा है स्वागत। प्रमुख धार्मिक स्थलों पर किए गए हैं विशेष इंतजाम।
- मौसम विभाग ने प्रदेश भर में छह जनवरी तक कहीं कहीं घने कोहरे की दी चेतावनी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज हल्की बारिश की भी है संभावना।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित 'प्रतिष्ठा द्वादशी' समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के परकोटे में स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या ने पिछले कुछ वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है।

**अब आप देखते होंगे देश और दुनिया का कोई भी ऐसा श्रद्धालु नहीं सनातन धर्मावलंबी नहीं जो अब अयोध्या आकर के दर्शन करके अभिभूत ना होता हो। पिछले 5 वर्ष के अंदर 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम में आया है। भारत की पहली सोलर सिटी के रूप में अयोध्या आ गई है। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रेलवे की डबल लाइन के साथ अयोध्या धाम जुड़ गया है। अब अयोध्या में क्या नहीं है।**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अयोध्या में हुए अभूतपूर्व परिवर्तन ने इसे वैश्विक धार्मिक केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है।

**डबल इंजन सरकार के सशक्त नेतृत्व में अयोध्या अभूतपूर्व परिवर्तन का यह साक्षी बन रही है। हमारे प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप आस्था, संस्कृति और इतिहास को संजोते हुए यहां विश्व स्तरीय आधारभूत संरचना का निर्माण हो रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन ने अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन का केंद्र बना दिया।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इसको आस्था और परंपरा का एक दिव्य उत्सव बताया।

**********

केंद्र सरकार ने सौ मिलीग्राम से अधिक निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि ये कदम औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड के परामर्श से उठाया गया है। इसमें बताया गया कि निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं का उपयोग स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। प्रदेश के फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा है कि यह निर्णय वैज्ञानिक साक्ष्यों, विशेषज्ञ सलाह और जनस्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं। फेडरेशन ने दवा कारोबार से जुड़े सभी थोक और खुदरा विक्रेताओं से इस आदेश का सख्ती से पालन करने की अपील की है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने प्रदेश में 32 हजार से अधिक आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। बोर्ड के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 30 जनवरी तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पहली जुलाई 2025 को 18 वर्ष की आयु पुरी कर चुके अभ्यर्थी ही पुलिस भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन और अहर्ता से जुड़ी विस्तृत जानकारी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

**********

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा से जुड़े श्रमिक, विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम दो हजार पचीस के तहत पूरी तरह सुरक्षित हैं। श्री चौहान ने मनरेगा के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत में यह बात कही। वेतन और मानदेय राशि के भुगतान को लेकर चिंताओं पर श्री चौहान ने कहा कि प्रशासनिक मदों के अंतर्गत व्यय की सीमा छह प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दी गई है।

**********

अंग्रेजी नव वर्ष के पहले दिन पूरे प्रदेश में उत्साह और उल्लास का वातावरण है। बीती रात से ही प्रदेश भर में नये वर्ष के स्वागत को लेकर विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नये साल की पूर्व संध्या पर कल लोगों को

शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष, नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नये वर्ष पर अपने शुभकामना संदेश में प्रदेश की जनता के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है।

**********

नए साल के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एक रिपोर्ट

**नए साल में वाराणसी स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए वीआईपी प्रोटोकॉल सहित अन्य सभी अनुरोध को तीन जनवरी तक बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। प्रभु राम की नगरी अयोध्या, मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी धाम में भी श्रद्धालुओं के भारी संख्या में आगमन को देखते हुए सुरक्षा के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली, कुशीनगर में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गयी है। पुलिस के द्वारा इन धार्मिक स्थलों पर लगातार गश्त बढ़ाने के साथ ही जगह जगह पर चेकिंग भी की जा रही है। इससे पहले कल पुराने वर्ष के आखिरी दिन भी प्रदेश के कई धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

बीता वर्ष दो हजार पचीस भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक वर्ष रहा है। बीते वर्ष कई नीतियों का देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान रहा। विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज हम चर्चा कर रहे हैं– वर्ष 2025 में भारत किस तरह दुनिया के नए उत्पादक देश के रूप में उभरा।

**भारत अपने औद्योगिक और आर्थिक विकास में सात दशमलव आठ प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि के साथ एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया । नोएडा में भारत की पहली टैम्पर्ड ग्लास निर्माण इकाई का उद्‌घाटन किया गया। इसी तरह ऊर्जा के क्षेत्र में भी देश ने सौ गीगा वॉट सौर ऊर्जा विनिर्माण क्षमता तक पहुंचकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की । दूसरी ओर देश के उद्योगों ने लाखों लोगों के लिए रोजगार का भी सृजन किया । नए जीएसटी सुधारों में पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के तर्कसंगत कर स्लैब से उत्पादकों के लिए लागत और संचालन में आने वाली दिक्कतों में कमी आई । शिवांग और समर्थ के साथ अक्षित कुमार वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि वर्ष दो हजार पचीस में सरकार ने कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं, जो विकसित भारत दो हजार सैंतालीस की दिशा में देश की राष्ट्रीय यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ते हैं। नई दिल्ली में भारत दो हजार छब्बीस कैलेंडर का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि ये सुधार समावेशी विकास सुनिश्चित करने, आर्थिक स्थिरता बढ़ाने और देश के दीर्घकालिक विकास के लिए एक स्थायी आधार तैयार करने के स्पष्ट उद्देश्य से प्रेरित हैं। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उपस्थित रहे।

**********

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने कहा कि यूपी पुलिस संगठित अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगाम लगा रही है। कल एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में प्रदेश में अपराधों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है।

**केंद्र सरकार द्वारा संचालित आईटीएसएसओ पोर्टल होता है। इस आईटीएसएसओ पोर्टल में पूरे देश भर के जो महिला अपराध होते हैं, उसमें की गई कार्यवाही अंकित की जाती है। वह सेंट्रली को मॉनिटर किया जाता है। तो आईटीएसएसओ पोर्टल में भी जो प्रभावी अनुश्रवण रहा उत्तर प्रदेश पुलिस का उसमें बलात्कार और पॉक्सो के निस्तारण दर 98.90 के साथ यूपी नंबर वन पर है पूरे कंट्री में। यहां पेंडेंसी रेट मात्र 0.20 है। यानी निर्धारित अवधि में हमारी सारी इन्वेस्टिगेशन पूरी हो रही हैं।**

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कल से छह जनवरी तक प्रदेश भर में कहीं कहीं घने कोहरे की चेतावनी दी है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा, हांलाकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं हल्की बारिश की भी संभावना बनी हुई है।

**********